वर्ष:- 05
अंक:- 356
मुरादाबाद
(Tuesday)
21 April 2026
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया

# दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राष्ट्रपति ली और पीएम मोदी के बीच द्विपक्षीय बैठक, भारत ने दिया शांति का संदेश



पीएम नरेंद्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने भारत-कोरिया बिजनेस लीडर्स डायलॉग में हिस्सा लिया और द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक तनाव के दौर में भारत और दक्षिण कोरिया शांति और स्थिरता का संदेश दे रहे हैं। वहीं राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने प्रधानमंत्री मोदी, भारत सरकार और भारतीय जनता के आतिथ्य के लिए आभार जताया।राष्ट्रपति ली ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया ने इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों को जोड़ने के लिए एक समझौता ज्ञापन (स्न्न्श्) पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने बताया कि इस समझौते के बाद दोनों देशों के नागरिक एक-दूसरे के देश की यात्रा के दौरान स्थानीय त्तक्र कोड सिस्टम का उपयोग कर भुगतान कर सकेंगे। इससे यात्रियों, कारोबारियों और पर्यटकों के लिए लेनदेन अधिक आसान और सुविधाजनक हो जाएगा।राष्ट्रपति ली ने कहा कि आज उनकी और प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाने के तरीकों पर गहन चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ भारत ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत 2047' विजन के तहत भारत उल्लेखनीय विकास हासिल कर रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया अगले दशक की सफलता की कहानियों की नींव रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), सेमीकंडक्टर और सूचना प्रौद्योगिकी में साझेदारी मजबूत करने के लिए इंडिया-कोरिया डिजिटल ब्रिज शुरू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि जहाज निर्माण, सतत विकास, इस्पात और बंदरगाह जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (स्न्न्श्च्) पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं। इससे दोनों देशों के औद्योगिक और आर्थिक सहयोग को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योगों में सहयोग के जरिए फिल्म, एनीमेशन और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में भी नई संभावनाएं खोली जाएंगी। पीएम मोदी ने कहा कि आज का बिजनेस फोरम इन अवसरों को ठोस परिणामों में बदलने के लिए एक प्रभावी मंच साबित होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में के-पॉप और के-ड्रामा तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। वहीं, दक्षिण कोरिया में भी भारतीय सिनेमा और संस्कृति की पहचान लगातार बढ़ रही है। मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली भी भारतीय सिनेमा की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए वर्ष 2028 में भारत-दक्षिण कोरिया फ्रेंडशिप फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा।पीएम मोदी ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार अब 27 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने इसे वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 50 अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच वित्तीय प्रवाह को आसान बनाने के लिए इंडिया-कोरिया फाइनेंशियल फोरम की शुरुआत की गई है। व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने के लिए इंडस्ट्रियल कोऑपरेशन कमेटी का गठन भी किया गया है। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण तकनीक और सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाने के लिए इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग शुरू किया जा रहा है। साथ ही भारतीय बाजार में विशेष रूप से दक्षिण कोरियाई लघु और मध्यम उद्योगों (स्न्ख्श्व्र) की एंट्री आसान बनाने के लिए कोरियन इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले एक वर्ष के भीतर भारत-दक्षिण कोरिया व्यापार समझौते को भी अपग्रेड किया जाएगा, जिससे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई मजबूती मिलेगी।पीएम मोदी ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और कानून के शासन का सम्मान भारत और दक्षिण कोरिया दोनों देशों के डीएनए में शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को लेकर भी दोनों देशों की सोच समान है। इन साझा मूल्यों और दृष्टिकोण के आधार पर पिछले एक दशक में भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध अधिक गतिशील और व्यापक बने हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ली की इस यात्रा के साथ दोनों देश अपनी भरोसेमंद साझेदारी को भविष्य उन्मुख साझेदारी में बदलने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि चिप, जहाज प्रतिभा से तकनीक, पर्यावरण से ऊर्जा तक हर क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों को साकार किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला आरक्षण विधेयक पर द्रमुक, कांग्रेस माफी मांगें- चंद्रबाबू नायडू

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने पर द्रमुक और कांग्रेस से माफी मांगने को कहा। उन्होंने इसे प्रगतिशील बताते हुए द्रमुक पर दूरदर्शिता की कमी और महिलाओं के साथ अन्याय का आरोप लगाया।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने द्रमुक और कांग्रेस से महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा में हराने के लिए लोगों से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला आरक्षण कोटा लागू करने के कदम को देश के लिए एक प्रगतिशील निर्णय बताया।द्रमुक सरकार में दूरदर्शिता की कमी -नायडू ने कहा कि कुछ दल हमेशा सुधारों का विरोध करते रहे हैं और तमिलनाडु के लोगों को उन्हें हराना चाहिए। उन्होंने सत्तारूढ़ द्रमुक पर केंद्र सरकार के सहयोग का लाभ उठाने में विफल रहने का आरोप लगाया। नायडू ने कहा, मोदी जी ने महिलाओं के लिए जो 33 फीसदी कोटा किया है, वह देश के लिए सबसे प्रगतिशील निर्णयों में से एक है। कांग्रेस और द्रमुक ने महिलाओं के साथ अन्याय किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि द्रमुक सरकार में दूरदर्शिता की कमी है। खिलाफ मतदान किया था।चुनाव प्रचार और आरोप-मुख्यमंत्री नायडू 23 अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राजग के लिए वोट मांगने के लिए तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

## बंगाल दौरे को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे का मोदी पर वार, बोले- क्या सीएम बनना चाहते हैं?



पश्चिम बंगाल चुनाव में रैलियों का दौर जारी है। इसी क्रम में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बंगाल में रैली की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधा। और सवाल उठाते हुए कहा कि क्या मोदी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं या प्रधानमंत्री बने रहना चाहते हैं? आइए विस्तार से जानते खरगे ने इस रैली में और क्या-क्या कहा। पश्चिम बिहार के कूच बिहार में एक रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल दौरे को लेकर सवाल उठाए हैं। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी लंबे समय से पश्चिम बंगाल में चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्त हैं और अपने आधिकारिक काम की अनदेखी कर रहे हैं। रैली में खरगे ने सवाल उठाते हुए कहा %क्या मोदी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं या प्रधानमंत्री बने रहना चाहते हैं?% उन्होंने कहा कि पीएम के लगातार चुनावी दौरे से सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है।महिला आरक्षण बिल पर भी हमला- उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले संविधान संशोधन बिल को लागू करने की प्रक्रिया को कमजोर किया गया। कूच बिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि महिला आरक्षण बिल 2029 से लागू होना था, लेकिन इसे कमजोर करने का काम किया गया।उन्होंने कहा आपने ही महिला आरक्षण बिल को खत्म किया है, हमने इसके खिलाफ नहीं बल्कि परिसीमन बिल के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा महिलाओं के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए काम करती रही है। उन्होंने सरोजिनी नायडू, इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी जैसी महिला नेताओं का भी जिक्र किया।

## थूथुकुडी में बरसे राहुल गांधीः RSS को बताया तमिल विरोधी, कहा- तमिलनाडु में नहीं चलने देंगे BJP का बिहार मॉडल



थूथुकुडी की रैली में राहुल गांधी ने आरएसएस को तमिल विरोधी संगठन बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार के जरिए एआईएडीएमके को नियंत्रित कर रही है और तमिलनाडु में बिहार मॉडल लागू करना चाहती है।तमिलनाडु में चुनावी हलचल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरएसएस और भाजपा पर तीखे हमले किए। राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा, आरएसएस तमिल विरोधी और द्रविड़ विरोधी संगठन है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा का मानना है कि भारत एक लोग, एक संस्कृति, एक धर्म और एक भाषा वाला देश होना चाहिए।इसके साथ ही उन्होंने एआईएडीएमके की वर्तमान स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पुरानी एआईएडीएमके, जो तमिलनाडु के लोगों की सेवा करती थी, अब पूरी तरह खत्म हो चुकी है। राहुल के अनुसार, आज की एआईएडीएमके सिर्फ एक खोखला ढांचा बनकर रह गई है और भाजपा इस पार्टी का इस्तेमाल तमिलनाडु की राजनीति में घुसने के लिए करना चाहती है।उन्होंने आरोप लगाया कि एआईएडीएमके के नेता भ्रष्टाचार की वजह से कमजोर पड़ गए हैं। इसी कमजोरी का फायदा उठाकर भाजपा तमिलनाडु में अपनी जगह बनाना चाहती है। राहुल ने दावा किया कि जो लोग अभी एआईएडीएमके को चला रहे हैं, उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह नियंत्रित करते हैं।रैली में राहुल गांधी ने बिहार की राजनीति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटाकर भाजपा के आदमी को वहां बैठा दिया गया। राहुल ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार के पुराने कामों की वजह से भाजपा उन्हें पूरी तरह काबू कर रही है। उन्होंने दावा किया कि नीतीश कुमार ने एक शब्द भी नहीं कहा और चुपचाप राज्यसभा चले गए। राहुल ने आगे कहा , भाजपा तमिलनाडु में भी यही बिहार मॉडल दोहराना चाहती है। वे तमिलनाडु में ऐसी सरकार चाहते हैं जिसे वे पूरी तरह अपने इशारों पर नचा सकें। वे यहां एक ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो वही करे जो भाजपा कहे। राहुल ने साफ शब्दों में कहा कि वे तमिलनाडु में भाजपा को कभी भी ऐसी कठपुतली सरकार नहीं बनाने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप खुलेआम कहते हैं कि पीएम मोदी उन्हें फोन करते हैं और %सर% कहकर बुलाते हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि ट्रंप के कहने पर प्रधानमंत्री कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले मोदी को अचानक इस्राइल जाने के लिए कहा गया और वे तुरंत विमान लेकर वहां चले गए। राहुल ने कहा कि भाजपा चाहे जो भी सपना देख ले, वे तमिलनाडु के लोगों या यहां की सरकार को कभी अपने नियंत्रण में नहीं ले पाएंगे।

## जनता दर्शनः एक-एक फरियादी से मिले योगी, बोले- जनसेवा सरकार का कर्तव्य, इसी पथ पर चल रहे हम



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। आवास, इलाज, शिक्षा, अवैध कब्जे और पुलिस मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ मिलेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को %जनता दर्शन% में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है। दर्द लेकर आईं, दुआ देकर गईं बरेली की रहने वालीं दीप्ति %जनता दर्शन% में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही हैं। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। सीएम की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं। चेहरे पर खुशी का भाव लिए हुए उन्होंने जाते-जाते मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें ढेर सारी दुआएं भी दीं।आवास की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को सीएम ने किया आश्वस्त - %जनता दर्शन% में कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है। सीएम ने संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को आवेदकों का पत्र भेजते हुए उन्हें निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर इन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाएं। इन लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। अवैध कब्जे, पुलिस से जुड़े मामलों में निर्देश - मुख्यमंत्री के पास कुछ लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने तत्काल एस्टिमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आप परिजन की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार करेगी। वहीं कुछ अभिभावकों ने आर्थिक परेशानी का जिक्र करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर चिंता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी बच्चे का स्कूल नहीं छूटना चाहिए। बच्चे जहां पढ़ रहे हैं, वहीं उनकी शिक्षा जारी रहे, इसके लिए प्रबंधन से वार्ता कर बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाए। सीएम ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का संज्ञान लेते हुए इन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई कराने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

संपादकीय Editorial

# A knife in the armpit

Once, the ideals of a safe environment and the pursuit of education resonated within educational campuses, but now, this era is fraught with challenges. How did the roofs of Solan's private universities become so fragile that the student community is losing their courage? The sight of the death-defying leap is chilling, but why are students reaching such fatal circumstances requires careful consideration. Another scenario is unfolding at the mischievous doors of government colleges. Three assistant professors failed to protect their conduct in their own classrooms. If professors possessed a knife in their armpits, adultery in their eyes, and all the vices in their company, then their dismissal should be appreciated. Indeed, the walls of the college must have trembled with the presence of these assistant professors when they proved to be of bad character among their own female students. Sadly, in Himachal, female students now face danger from their own professors. The good news is that the victimized students in these three cases took the initiative themselves, and as a result, after a lengthy investigation, the professors were dismissed. The lessons learned from this action will go a long way, but it's a matter of concern that flaws are being exposed in the guise of teachers. Ironically, teachers are now a matter of curriculum and government servants. Over the past few years, it's been observed that the ideals of this sacred profession have either been buried in politics, or a few elite individuals are shining under the guise of postings. There was a time when teachers helped students become athletes, singers, artists, and writers. Back then, teachers were gurus of life, transcending the curriculum. Their teaching style and manner inspired a gravitational pull and ambition to advance. This isn't a story about the character of three professors, but rather a skewering of Himachal's image. Himachal is witnessing the emergence of some perverse tendencies and autocratic actors. Call it the product of social media or personal selfishness, leading to a disregard for society. The advancement of women, their independence and awareness, enhances the state's image, but the distinction between independence and insolence is beginning to diminish. In which society's definition would the protest by two women against a conductor in Marvi be rewarded? Surprisingly, public responsibility is disappearing from such occasions. If the distance between people is only increasing in Himachal, how can we maintain any code of conduct in the state's social organizations? Considering the comments emerging on social media, the root of the trouble lies within us. In this context, there is every possibility of being harmed by the newfound power of social media. The recent video of a so-called influencer from Nahan has attacked the personality and character of soldiers serving the country. This is a timeline of fame that many children in Himachal are currently confused by. Portals feature editors who have barely completed their schooling. The political leaders encouraging them are only seeing their own praise within the realm of words and truth. So, whenever the state's information is cloaked, the social media gangs will have done their work. However, by sending three assistant professors home, the education department has set an example that will ensure a healthy atmosphere on campuses in the future. The identity of teachers is changing within the teaching or learning process, because in the educational formulas, we have begun to measure personality only in proportion to degrees.

# Women's interests ignored, reservations put on hold again

The Women's Reservation Bill failed to pass in the Lok Sabha due to a lack of a two-thirds majority, putting it on hold again. Its chances of implementation before 2034 are slim. The Women's Reservation Bill failed due to a lack of a majority in the Lok Sabha. It is unlikely to be implemented before 2034. The opposition rejected the government's seat increase proposal. Ultimately, the expected outcome occurred. The Constitution Amendment Bill related to women's reservations failed to pass in the Lok Sabha due to a lack of a two-thirds majority. With this, women's reservations have once again been put on hold. It is difficult to say when they will be implemented. If a consensus is not reached between the ruling party and the opposition in the near future, it is likely that women's reservations will not be implemented before the 2034 Lok Sabha elections. Any further delay in women's reservations would be unfortunate. It is already too late to realize the dream of women's reservations. The idea of ??women's reservations became a topic of political debate nearly three decades ago. After this, all parties continued to speak in favor of women's reservation, but they were not fully prepared for it. This is why the Women's Reservation Bill, despite being introduced in Parliament several times, failed to advance. Finally, in 2023, it was passed with the consensus of all parties, but with the provision that it would be implemented in the 2029 general elections. This was due to the delay in the 2021 census. Since the new census has only just begun and its results will take time to arrive, the Modi government, in order to make women's reservation effective from the next general elections and to address the opposition's objections, proposed a formula: increase the number of Lok Sabha seats in all states by 50 percent. It is not known why the opposition was not happy with the 50 percent increase in Lok Sabha seats in all states, even though it would not harm the political interests of any state, especially the southern states. It would have been better if the opposition had abandoned its insistence on implementing women's reservations based on the new census and delimitation based on it, because if women's reservations are implemented based on population, the less populated states of South and Northeast India will be politically disadvantaged. Regarding the opposition's demand for separate reservations for different categories within women's reservations, it cannot be ignored that no such demand was made in 2023. The opposition will certainly declare victory if the Women's Reservation Amendment Bill is not passed, but by doing so, it will only disappoint the women of the country. While the ruling party has certainly suffered a setback, it has also gained an opportunity to propagate that the opposition prevented the implementation of women's reservations, thus dashing the hopes of half the population.

# A Dangerously Divided World

Recently, I reread Samuel P. Huntington's book, "Clash of Civilizations." He writes, "After the collapse of the Soviet Union, the world has become unipolar. In the future, conflict will not be between nations, but between civilizations." Samuel Huntington's "Clash of Civilizations" theory remains relevant. Global divisions based on religious and cultural identities. Economic development and cooperation are essential for global peace. Currently, a war is ongoing between the US, Israel, and Iran. Both the US and Iran attributed this to Pakistan. Later, it became clear that Pakistan's role was primarily that of a messenger. India's role was also discussed, and in some circles, criticism emerged that its role was not adequately recognized. Although Pakistan is majority Sunni, while Iran is majority Shia, some countries have stated that they do not see themselves as Shia or Sunni, but broadly as Muslims, and that their interests are intertwined globally. In this context, fundraising activities in support of Iran in Kashmir have emerged, even though India has no connection to this conflict. Recently, I reread Samuel P. Huntington's book, "Clash of Civilizations." He writes, "After the collapse of the Soviet Union, the world has become unipolar. In the future, conflict will not be between nations, but between civilizations. The competition between superpowers will manifest as a clash of civilizations. This clash of civilizations could pose the greatest threat to world peace. This conflict will not be limited to any one country or region, but could spread widely. Today, people are rediscovering their traditional identities along with their modern identities. This is why, despite new circumstances, they maintain old conflicts and are unwilling to forget them. In the future, conflict will not be limited to economic inequalities, such as those between rich and poor, but will emerge in a more intense form between different civilizations. This could be a very complex and challenging period in history." As civilizations, he mentions Western, South American, African, Islamic, Sinic, Hindu, Orthodox, Buddhist, and Japanese civilizations. American politician Henry Kissinger once said that the six major powers of the 21st century will be America, Europe, China, Japan, Russia, and possibly India. Samuel Huntington, meanwhile, viewed China, Vietnam, and Japan as distinct civilizations. Buddhist traditions have a significant influence in these regions. Similarly, Africa has large Muslim and Christian populations, while South America, North America, Europe, and Russia are predominantly Christian. Huntington argues that Sinic (Chinese) and Japanese civilizations have modernized themselves economically, while the Islamic world has strengthened its identity less economically, but more so on cultural and religious grounds. Furthermore, his critical view of Western values ??is often evident. However, it is also a fact that many technologies and products developed by the West are widely used worldwide. Despite adopting modern technology, societies seek to maintain their traditional identities and cultural practices. Even in Western countries, the opposition to religion is no longer as pronounced as it once was. In many places, large numbers of people attend church on Sundays. Consequently, the concept of completely separating religion from politics is no longer as effective as it once was. Important values ??developed after the French Revolution, such as liberty, fraternity, and equality, are facing challenges. Every society and nation seems to be competing to prove itself superior. There is a growing tendency to portray one's culture, food habits, and lifestyle as superior, while others are undermined. Alongside this, a trend of new alliances and agreements based on religion is also emerging. Except for Turkey, most countries in NATO are Christian-majority. Discussions of a similar alliance between Islamic countries are also ongoing. The recent agreement between Saudi Arabia and Pakistan, where an attack on one will be considered an attack on the other, can be seen in this context. If all the world's Christian, Islamic, or other religiously based countries unite in this manner and form military or political fronts, the global landscape could become extremely complex and unstable. In such a scenario, the world could be embroiled in constant conflict—sometimes based on religion, sometimes on borders, and sometimes on language and regional identities. If one country is attacked, other countries based on similar religious or cultural identities could also join the conflict, further increasing global tensions. This points to a worrying and frightening scenario. No matter how much we claim the superiority of a religion or civilization, the basic foundations of life—food, livelihood, and economic stability—are most important. Therefore, it is essential that the world prioritize economic development and cooperation rather than dividing based on religious or cultural identities. Wealthy countries should go beyond their own self-interest and assist poor and resource-poor countries. Otherwise, global inequalities and conflicts could make the future of humanity uncertain.

# The Question of the Judiciary's Credibility

The resignation of Judge Yashwant Verma, surrounded by corruption allegations, has raised serious questions about the judiciary's accountability. Due to the complexity of the impeachment process, judges often resign to avoid action, undermining public confidence. Delhi High Court Judge Yashwant Verma, surrounded by serious corruption allegations, resigned just as the impeachment process was underway. Crores of rupees in half-burnt currency notes were found in his home, and a Supreme Court committee found him guilty. His resignation will prevent the impeachment proceedings from proceeding further. He may not even face trial. This resignation raises serious questions about the Constitution's trustworthiness, its vulnerability, and the trust of ordinary citizens. We have no answer to the question: how can a responsible officer of the institution, whose integrity we swear by, be absolved of blame simply by resigning for a crime that sends everyone from ordinary citizens to the Chief Minister to jail? This phenomenon is not limited to a single individual or position. It concerns the institutional trust that the public believes in the judiciary as the final, impartial, and ethical forum for justice. When the impartiality and accountability of this forum are questioned, it impacts the entire democratic structure. Impeachment is the only constitutional means of action against judges. This process was deliberately made complex to prevent unnecessary political interference with the independence of the judiciary, but in practice, this very complexity often hinders accountability. The requirement of a special majority in both houses of Parliament, the lack of political consensus, and lengthy procedural complexities have made impeachment a nearly impossible process. To date, no judge in the higher judiciary has been removed through impeachment, despite several judges facing serious allegations of misconduct. In most cases, it has been observed that as soon as the possibility of impeachment becomes apparent, the accused judge resigns, nullifying the process, and this is where the crisis of accountability arises. Indian judicial history offers numerous examples that highlight the structural nature of this problem. An impeachment motion was brought against Supreme Court Justice V. Ramaswami in the 1990s, but it failed to pass due to a lack of necessary support in the Lok Sabha. This was because several political parties, raising the issue of regionalism, did not support the motion to remove him from the impeachment process. Subsequently.

# ठाकुरद्वारा बवाल: नारायणपुर छंगा की गलियों में सन्नाटा, पुलिस का कड़ा पहरा, सपा सांसद को गांव जाने से रोका



मुरादाबाद के नारायणपुर छंगा गांव में बवाल के बाद तनावपूर्ण माहौल है। यहां लगातार पुलिस गश्त कर रही है। पुलिस ने सपा सांसद रुचि वीरा को गांव जाने से रोक दिया।नारायणपुर छंगा गांव में 16 अप्रैल को हुए बवाल के बाद से अब तक गांव में तनावपूर्ण माहौल है। यहां की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस और पीएसी गश्त कर रही है। रविवार को सांसद रुचिवीरा को गांव पहुंचना था लेकिन पुलिस द्वारा रोक लिए जाने से वह नहीं पहुंच सकीं। इससे समर्थकों को निराश होना पड़ा तो पुलिस ने राहत की सांस ली। गांव में सपा सांसद रुचि वीरा के आने के कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस-प्रशासन सुबह से ही अलर्ट था। स्योहारा मार्ग के पास बैरिकेडिंग लगाई गई थी। रास्तों पर भी पुलिसकर्मी तैनात थे। सांसद का अपराह्न 3-00 बजे शरीफ नगर पहुंचने का भी कार्यक्रम था। इस बीच कार्यकर्ताओं को पता चला कि पुलिस ने सांसद को मुरादाबाद में ही रोक लिया है। इधर, भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह के घर और आंबेडकर पार्क पर पुलिस पहरा दे रही है। गांव की गलियों में सन्नाटा है। हालांकि कुछ ग्रामीण खेतों में गेहूं की फसल काटते और गहाई करते दिखे। गांव में चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे। सीओ आशीष प्रताप सिंह और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ लगातार गांव में कैंप कर रहे हैं। 16 अप्रैल को गांव में भाजपा नेता के जन्मदिन पर आंबेडकर पार्क के पास गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया था। इस मामले में जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव भी हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि नामजद आरोपी गांव छोड़कर चले गए हैं। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि दोनों एफआईआर की विवेचना चल रही है। विवेचना के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।आजाद समाज पार्टी के लोग भी नहीं पहुंचे आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी भी गांव में आने वाले थे लेकिन वे भी नहीं आए। गांव के राजेश कश्यप और उदय पाल सिंह का कहना है कि उनको घटना की जानकारी अगले दिन सुबह को मिली थी। अब गांव में शांति है और लोग अपने-अपने काम में जुट गए हैं।सत्ता पक्ष के दबाव में पुलिस ने दर्ज की दूसरे पक्ष की रिपोर्ट – नवाब जान सपा विधायक नवाब जान खां ने गांव नारायणपुर छंगा में आंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना की निंदा की है। आरोप लगाया कि आंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का विरोध करने वाले अनुसूचित जाति के लोगों के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने पहले अनुसूचित जाति वर्ग की ओर से आरोपियों के खिलाफ दर्ज की थी, लेकिन अब भाजपा समर्थक की तहरीर पर पुलिस ने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सपा विधायक ने कहा है कि सत्ता पक्ष के दबाव में पुलिस ने भाजपा समर्थक की ओर से गलत रिपोर्ट दर्ज की है। इस रिपोर्ट को पुलिस को निरस्त करना चाहिए। पुलिस को पहले दर्ज की गई रिपोर्ट के तहत नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करना चाहिए।घटना के बाद स्थानीय पुलिस को निष्पक्ष विवेचना कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए गांव में फोर्स तैनात है। अन्य किसी प्रकार की शिकायतें नहीं मिली हैं। – सतपाल अंतिल एसएसपी मुरादाबादठाकुरद्वारा जा रहीं सांसद रुचिवीरा को पुलिस ने रोका, बोलीं- आज नहीं तो कल जाऊंगी सांसद रुचिवीरा ने ठाकुरद्वारा की घटना के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के बाद लोगों के साथ मारपीट की गई। घटना बताने वालों को पुलिस खदेड़ रही है। रविवार को ठाकुरद्वारा जा रहीं सांसद को पुलिस ने आवास पर ही रोक लिया। सिविल लाइंस स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद रुचिवीरा ने कहा कि वह ठाकुरद्वारा में घायलों का हाल चाल लेने के लिए जाने वाली हैं। फोटो देखने से पता चला कि कई लोगों को पीटा गया है। उनका खून बहा है। पुलिस ने अभी तक गिरफ्तारी नहीं की है। इस मामले में परेशान लोगों से बातचीत कर वह अधिकारियों से जानकारी करेंगी। बोलीं, उनके ठाकुरद्वारा जाने से किसी को क्या खतरा हो सकता है। वह कोई भड़कांऊ भाषण नहीं देने जा रही हैं। घटना के लिए भाजपा जिम्मेदार है। वहां घटना बताने पर पुलिस लोगों को खदेड़ रही है। यदि पुलिस ठाकुरद्वारा जाने से रोक रही है तो आज नहीं तो कल जाउंगी। भाजपा हर बात में पुलिस को आगे कर देती है। एसपी सिटी से बातचीत के बाद कार्यक्रम हुआ स्थगित – एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने सांसद से मिलकर बताया कि घटना के बाद दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसमें पहली एफआईआर भाजपा नेताओं के खिलाफ हुई है। पुलिस अपना कार्य कर रही है। स्थिति में सुधार हो रहा है। लगभग एक घंटे की बातचीत के बाद सांसद ने कार्यक्रम स्थगित कर दिया। इधर ठाकुरद्वारा जाने की जानकारी मिलने पर समर्थकों की भीड़ सुबह 11 बजे से सांसद आवास पर जुटनी शुरू हो गई थी। दोपहर दो बजे पुलिस ने सांसद को जाने से मना लिया।

## मुरादाबाद पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में रंगरूट भिड़े, एक-दूसरे पर बेल्ट व ब्लेड से हमला, पीओपी की चल रही तैयारी

मुरादाबाद के पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में पासिंग आउट परेड की तैयारी के दौरान काम के बंटवारे को लेकर रंगरूटों के बीच विवाद हो गया। बेल्ट और ब्लेड से हमले में एक रंगरूट घायल हो गया। अधिकारियों ने घटना की रिपोर्ट डीजी ट्रेनिंग को भेजी है।मुरादाबाद पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में रंगरूटों के बीच विवाद हो गया। मारपीट में एक रंगरूट घायल हो गया। इस मामले में स्थानीय अधिकारियों ने डीजी ट्रेनिंग को रिपोर्ट भेज दी है। एसपी स्तर के अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं लेकिन सिविल लाइंस पुलिस का कहना है




कि मारपीट के मामले में समझौता हो गया है।पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में पासिंग आउट परेड की तैयारी चल रही है। उच्चाधिकारियों ने इस मामले में रंगरूटों को काम की अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी थी। पता चला कि काम को लेकर रंगरूटों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इस दौरान दो रंगरूटों ने बेल्ट और ब्लेड से हमला कर दिया।इस दौरान एक रंगरूट के दोनों पैर, गर्दन, सीने और हाथ में चोटें पहुंची है। घायल रंगरूट का इलाज कराया गया लेकिन थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई। इस बारे में पूछने पर सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना का कहना है तीन – चार दिन पहले की घटना है। दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया था। वहीं स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने इस घटना की रिपोर्ट डीजी ट्रेनिंग को भेज दी है। इस मामले में एसपी स्तर के अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी इस बारे में अनभिज्ञता जता रहे हैं। घटना से संबंधित रंगरूट का वीडियो क्लिप वायरल होने पर अन्य लोगों को जानकारी मिली है। वीडियो में एक व्यक्ति बोल रहा है कि रंगरूट पर बेल्ट और चाकू से वार किए गए हैं। घटना में कितने लोग शामिल रहे हैं। इसका खुलासा नहीं हो सका है। रंगरूटों के घायल होने पर 112 डायल पर दी थी सूचना – पीटीएस में मारपीट के बाद रंगरूटों ने बृहस्पतिवार को डायल 112 पर भी सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। रंगरूटों ने बताया कि एक बैरक के रंगरूटों ने दूसरे बैरक में मौजूद रंगरूट पर हमला बोल दिया था। अधिकारियों ने इस दौरान मोबाइल से खींचे गए वीडियो क्लिप को डीलीट करा दिया था।

## हजयात्रा 2026: मस्जिद अल हरम व नबवी में वीडियो बनाया तो लगेगा जुर्माना, होटल में खाना बनाने पर भी पाबंदी



सऊदी अरब ने इस बार हज यात्रा को व्यवस्थित बनाने के लिए कड़े नियम लागू किए हैं। मक्का की मस्जिद अल हरम और मदीना की मस्जिद-ए-नबवी में फोटो-वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस बार यात्रा 16 अप्रैल से शुरू होकर 20 मई तक पूरी होगी। इस बार हजयात्रा को और बेहतर बनाने के लिए सऊदी हुकूमत ने नियमों में फेरबदल किए हैं। हजयात्रा पर जाने वाले आजमीनों को इसकी अनदेखी भारी पड़ सकती है। सऊदी हुकूमत ने मक्का में मस्जिद अल हरम मक्का और मदीना में मस्जिद-ए-नबवी में फोटो-वीडियो बनाने पर पाबंदी लगा दी है।ऐसे करने पर 10 हजार रियाल का जुर्माना भरना पड़ेगा। ऐसे ही हजयात्रा पर बिना हज वीजा पाए जाने पर 30 हजार रियाल भरने पड़ेंगे। मुरादाबाद जिले इस बार हजयात्रा पर 2090 आजमीन जाएंगे। रवानगी की शुरुआत 16 अप्रैल से हो गई है। दो फ्लाइटों से आजमीन मदीना पहुंच भी गए हैं। बाकी आजमीन 20 मई तक पहुंच जाएंगे। हजयात्रियों की वतन वापसी दो जून से होगी। वापसी की आखिरी फ्लाइट 28 जून को होगी।

हजयात्रा में आजमीनों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सऊदी अरब की हुकूमत ने कुछ सख्ती की है।

हजयात्रा के दौरान अगर कोई बिना हज वीजा वहां मिला तो उस पर 30 हजार रियाल का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा अगर होटल वालों ने बिना हज वीजा वालों को अपने यहां रखा तो उस पर यह जुर्माना एक लाख रियाल होगा। वहीं मस्जिद अल हरम और मस्जिद-ए-नबवी में फोटो और वीडियो बनाने पर रोक लगाई है। अगर किसी ने मोबाइल से वीडियो या फोटो बनाई तो उस पर 10 हजार रियाल का जुर्माना लगेगा। होटल में खाना बनाने पर भी पाबंदी- हिंदुस्तान से हजयात्रा पर जाने वाले आजमीनों को खाना बनाने की छूट मिलती थी। वह होटल में खुद खाना बनाकर खा सकते थे। लेकिन इस बार यह व्यवस्था बंद कर दी गई है। होटल में खाना नहीं बना सकते। ऐसे में आजमीनों को होटल का खाना खाना पड़ेगा। इस बार सऊदी अरब की हुकूमत ने नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। मजिस्द अल हरम और मस्जिद-ए-नबवी में वीडियो और फोटो बनाने पर रोक है। ऐसा करने पर 10 हजार रियाल का जुर्माना है। बिना हज वीजा के पहुंचने पर भी 30 हजार रियाल जुर्माना है। होटल खाना बनाने पर भी पाबंदी है। – हाजी मुख्तार असलम, पूर्व हज ट्रेनर

## मुरादाबाद में स्कूल संचालक को गोली मारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख और बेटे समेत सात लोगों पर केस



भगतपुर थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्टर व स्कूल संचालक राजेश कुमार यादव पर विवाद के बाद फायरिंग कर दी गई। उन्हें तीन गोली लगी हैं।

घटना में पूर्व ब्लॉक प्रमुख पूरन सिंह, उनके बेटे आकाश यादव समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

भगतपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात करीब नौ बजे ट्रांसपोर्टर एवं स्कूल संचालक राजेश कुमार यादव को गोली मार दी गई। उन्हें तीन गोलियां लगी हैं। इस मामले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख पूरन सिंह, उनके बेटे आकाश यादव समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।भगतपुर थाने में दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि राजेश कुमार रविवार की रात अपने घर लौट रहे थे।

निवाड़खास रोड पर मोड़ के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख पूरन सिंह, उनके बेटे आकाश यादव और विशाल यादव, अमित यादव, राजेंद्र सिंह, सुनील यादव और दुष्यंत यादव ने उन्हें घेर लिया और गोली मार दी।इसके बाद आरोपी मौके भाग गए। घटना की जानकारी मिलने पर राजेश के परिजन आ गए और वह घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे।

एसपी देहात कुंवर आकाशसिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना की वजह कॉलेज कमेटी को लेकर विवाद बताई जा रही है।

### संक्षिप्त समाचार

## दो पैन कार्ड केस: आजम खां और अब्दुल्ला की सजा घटाने की अपील खारिज, रामपुर की कोर्ट ने बरकरार रखा फैसला

सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला की अपील पर रामपुर कोर्ट में सुनवाई हुई। एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खान और अब्दुल्ला आजम की सजा घटाने की



अपील खारिज कर दी। उनकी पहले से तय सात साल की सजा बरकरार रखी है। दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को राहत नहीं मिली है। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सोमवार को सजा कम करने की उनकी अपील खारिज कर दी।मामले में पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों को सात-सात साल की कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ बचाव पक्ष ने सजा कम करने की अपील की थी, जबकि अभियोजन पक्ष ने सजा बढ़ाने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सेशन कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए सजा में कोई राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट के इस निर्णय के बाद आजम खान और अब्दुल्ला आजम की सजा यथावत बनी रहेगी।

## शराब से ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा फास्ट फूड, युवाओं के लिए साइलेंट खतरा

मुरादाबाद । बदलती खानपान की आदतें अब स्वास्थ्य पर भारी पड़ने लगी हैं। चिकित्सकों के अनुसार शराब से ज्यादा फास्ट फूड और अत्यधिक चिकनाई युक्त भोजन अब लिवर के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। स्थिति यह है कि हर तीसरे व्यक्ति में फैटी लिवर की समस्या सामने आ रही है, जिसमें ऐसे लोग भी शामिल हैं जो शराब का सेवन नहीं करते। गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. मनोज कुमार अरोरा के अनुसार पहले लिवर की बीमारियां मुख्य रूप से शराब सेवन से जुड़ी होती थीं, लेकिन अब मेटाबॉलिक डिस्फंक्शन एसोसिएटेड स्टीटोहेपेटिक लिवर डिजीज



के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। अल्ट्रासाउंड जांच में ऐसे कई मरीजों में लिवर पर फैट जमा होने की पुष्टि हो रही है। खास बात यह है कि शुरुआती अवस्था में इस बीमारी के लक्षण स्पष्ट नहीं होते, जिससे लोग समय रहते सचेत नहीं हो पाते।उन्होंने बताया कि चिंताजनक पहलू यह भी है कि 14 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों में भी फैटी लिवर के मामले सामने आ रहे हैं। मोटापे से ग्रस्त बच्चों में इसका खतरा और अधिक होता है। यदि समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह स्थिति लिवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी में बदल सकती है। हालांकि, राहत की बात यह है कि शुरुआती स्तर पर फैटी लिवर को जीवनशैली में बदलाव कर नियंत्रित और ठीक किया जा सकता है। वहीं, शराब से होने वाली लिवर समस्याओं में भी सुधार संभव है, यदि व्यक्ति समय पर शराब का सेवन पूरी तरह छोड़ दें।लिवर को स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं ये आदतें। – फलों और साबुत अनाज का अधिक सेवन करें। – फास्ट फूड से दूरी बनाएं, घर का संतुलित आहार लें। – बढ़ते वजन को नियंत्रित रखें। – नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें। – शराब का सेवन पूरी तरह त्यागें।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## मुरादाबाद में विकास चौहान का भव्य स्वागत, किसानों के हक़ की लड़ाई को लेकर किया बड़ा आह्वान




क्यूँ न लिखूँ सच /सिकंदर राजा / मुरादाबाद में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय महासचिव विकास चौहान के आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। वह जिला कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मोहम्मद अली के नेतृत्व में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ विकास चौहान का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर उन्होंने किसानों के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए कहा कि संगठन किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करता रहेगा। विकास चौहान ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर मजबूती से आवाज उठानी होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति किसानों के हित में हर संभव लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## हर घर नल, हर घर जल' ने बदली बरेली की तस्वीर, विश्वविद्यालय के सर्वे में बड़ा खुलासा



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली- महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग (एम.एस.डब्ल्यू.) द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत चलाई जा रही 'हर घर नल, हर घर जल' योजना का व्यापक प्रभाव मूल्यांकन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

16 से 18 अप्रैल 2026 के बीच हुए इस सर्वे में बरेली जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में योजना के क्रियान्वयन, जल उपलब्धता और उसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का गहन अध्ययन किया गया।

समाज कार्य विभाग की कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. विजय बहादुर सिंह यादव के मार्गदर्शन में यह अध्ययन संपन्न हुआ। डॉ. अफसाना, डॉ. निवेदिता त्रिवेदी, डॉ. रफ्फान अली और डॉ. विश्वदीप सिंह के नेतृत्व में 35 विद्यार्थियों की टीम ने आलमपुर जाफराबाद, मझगवां, मीरगंज, बहेड़ी, भोजीपुरा, बिथरी चैनपुर, भूटा, नवाबगंज और फरीदपुर ब्लॉकों के गांवों में पहुंचकर फील्ड सर्वे और साक्षात्कार किए। अध्ययन के निष्कर्षों ने साफ किया कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीण जीवन में बड़ा बदलाव आया है- जलजनित बीमारियों में भारी कमी- अब पानी के लिए लंबी दूरी तय करने की मजबूरी खत्म होने से महिलाओं को राहत मिली है और वे परिवार व बच्चों की पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे पा रही हैं। जिला स्तरीय जल जीवन मिशन टीम के तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग से यह अध्ययन और अधिक प्रभावी बना। ग्रामीणों से सीधे संवाद और आंकड़ों के विश्लेषण ने योजना की सफलता को प्रमाणित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. पी. सिंह ने टीम को बधाई देते हुए कहा विश्वविद्यालय की असली पहचान तब बनती है जब वह समाज से जुड़कर बदलाव लाता है। यह अध्ययन उसी दिशा में एक मजबूत कदम है।

इस इंपैक्ट असेसमेंट से मिले सुझाव जल जीवन मिशन के बेहतर क्रियान्वयन और भविष्य की योजनाओं को और प्रभावी बनाने में मददगार साबित होंगे। इसमें जल निगम ग्रामीण बरेली की भी अहम भूमिका रही।

## समय से पहले विद्यालय बंद करने का मामला, शिक्षक पर कार्रवाई के संकेत




क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / अमरिया (पीलीभीत)। विकासखंड अमरिया के प्राथमिक विद्यालय मझलिया में एक शिक्षक द्वारा निर्धारित समय से पहले विद्यालय बंद करने का मामला सामने आया है। , जानकारी के अनुसार शिक्षक विजय कुमार ने दोपहर करीब 1 बजकर 13 मिनट पर बच्चों की छुट्टी कर विद्यालय का गेट बंद कर दिया, जबकि विद्यालय का निर्धारित समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक है। बताया जाता है कि बाद में मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मियों से शिक्षक ने अभद्र व्यवहार किया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें किताबें लेने जाना था, इसी कारण विद्यालय को समय से पहले बंद किया गया। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी अमरिया, उमेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय समय से पूर्व बंद करना नियमों के विरुद्ध है। यदि जांच में मामला सही पाया जाता है तो संबंधित शिक्षक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। अभिभावकों ने भी विद्यालयों में समय का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## सीबीगंज क्षेत्र में नगर वन का शिलान्यास, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम

### राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने किया भूमि पूजन




क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । सीबीगंज क्षेत्र में सोमवार को नगर वन परियोजना का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने भूमि पूजन एवं शिलान्यास कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजसेवी एवं अधिवक्ता अनिल कुमार सक्सेना, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी, वन निगम के प्रबंध निदेशक ए.के. सिंह, तथा मुख्य वन संरक्षक रूहेलखंड जोन पी.पी. सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने बरेली क्षेत्र में नगर वन की आवश्यकता और इसके पर्यावरणीय महत्व पर अपने विचार साझा किए।

प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी ने नगर वन में प्रस्तावित कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यहां इंटरप्रिटेशन सेंटर, वेटलैंड विकास और ट्री हाउस जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के दौरान किसी भी वनस्पति को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा और कोई पक्का निर्माण नहीं होगा।

मुख्य वन संरक्षक पी.पी. सिंह ने बताया कि सीबीगंज क्षेत्र की जैव विविधता अत्यंत समृद्ध है और यहां दुर्लभ प्रजातियों के पौधे एवं जीव पाए जाते हैं। उन्होंने 'ग्लाइकोमिस पेंटाफैला' नामक पौधे का उल्लेख किया, जिसे जिनबेरी के नाम से जाना जाता है और जिसका उपयोग मधुमेह जैसी बीमारियों में किया जाता है।

वन निगम के प्रबंध निदेशक ने नगर वन परियोजना को बरेली में पर्यटन और पर्यावरण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। वहीं, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुनील चौधरी ने क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौधों, पक्षियों और सर्पों की मौजूदगी की जानकारी दी।

राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि यह नगर वन आम जनता और बाहर से आने वाले लोगों के लिए प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वन संपदा के प्रति सम्मान विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का हुआ सम्मेलन : अकरम खां बनाए गए जिला अध्यक्ष

### फूड विभाग व स्मार्ट मीटर पर उठाए सवाल




क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । आज सोमवार को अजंता रॉयल पटियाला में हुई उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश की मीटिंग में प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों का एकजुट होना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती से ही व्यापारियों के हितों की रक्षा संभव है और उन्हें विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से मुक्ति मिल सकती है।

उन्होंने हाल ही में अकरम खान को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने पर भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में व्यापारी करीब 28 विभागों की नीतियों और प्रक्रियाओं से प्रभावित हो रहे हैं, जिससे उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर बोलते हुए लोकेश अग्रवाल ने कहा कि बिजली विभाग को पहले अपनी सर्वर प्रणाली को पूरी तरह दुरुस्त करना चाहिए। उसके बाद ही स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए, ताकि व्यापारियों को अनावश्यक समस्याओं का सामना न करना पड़े।

खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि सैंपलिंग के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद्य पदार्थों में उपयोग होने वाले जल में रसायनों की मात्रा की जांच के मानक स्पष्ट नहीं हैं, जिससे व्यापारी अनावश्यक रूप से परेशान हो रहे हैं।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने प्रीपेड मीटर के विरोध में आंदोलन की चेतावनी भी दी है। संगठन ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रीपेड मीटर के खिलाफ यात्रा निकाली जाएगी और इसका पुतला दहन कर विरोध जताया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

संगठन की मांग है कि प्रीपेड मीटर को लागू करने से पहले व्यापारियों की सहमति ली जाए और पहले से लगे मीटरों को वापस पोस्टपेड प्रणाली में बदला जाए।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### अक्षय तृतीया पर श्री हरि मंदिर में सेवा का शुभारंभ, श्रद्धालुओं को वितरित हुआ मीठा शरबत व पुलाव



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्रीहरि मंदिर प्रबंध समिति, बरेली द्वारा गर्मी के मौसम में जनसेवा का सराहनीय कार्य प्रारंभ किया गया। रविवार से मंदिर परिसर में समस्त जनों के लिए मीठे शरबत की सेवा शुरू की गई, जिससे श्रद्धालुओं और राहगीरों को गर्मी से राहत मिल सके। इस विशेष सेवा के अंतर्गत शरबत के साथ-साथ स्वादिष्ट पुलाव का भी वितरण किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया और समिति के इस प्रयास की सराहना की। आज की सेवा में मंदिर समिति के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा एवं सचिव रवि छाबड़ा सहित अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

### सिविल डिफेंस अलखनाथ डिवीजन द्वारा दिया गया बहुमूल्य प्रशिक्षण सीपीआर




